डॉ0 शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय, लखनऊ।
Dr. Shakuntala Misra National Rehabilitation University, Lucknow.

पत्रांकः– 149 / DSW / DSMNRU / 2023–24, दिनांकः– 27 जुलाई, 2023

//सूचना//

कृपया श्री राज्यपाल / कुलाधिपति के विशेष कार्याधिकारी, उत्तर प्रदेश के ई–मेल पत्र संख्या : ई–4465 / 32 जी0एस / 2023, दिनांक 26.07.2023 के क्रम में अवगत कराना है कि गृह मंत्रालय भारत सरकार से देश के समस्त राज्यों के राजभवन में भारत गणराज्य के सभी राज्यों का स्थापना दिवस मनाये जाने के निर्देश के क्रम में पांडिचेरी राज्य का पांडिचेरी दिवस दिनांक 16 अगस्त, 2023 को पूर्वाह्न 11:00 बजे राजभवन, उत्तर प्रदेश में मनाया जाना प्रस्तावित है।

अतः इस सम्बन्ध में सूचित कराना है कि विश्वविद्यालय में संचालित विभिन्न पाठ्यक्रमों के अन्तर्गत यदि पांडिचेरी राज्य के छात्र–छात्राएं अध्ययनरत हैं अथवा प्रवासित अध्यापकगणों / शिक्षकबृन्द द्वारा विश्वविद्यालय में शैक्षणिक कार्य कराया जा रहा है का नाम, पता तथा मोबाइल नम्बर दिनांक 28.07.2023 की सायं 03:00 बजे तक कार्यालय, अधिष्ठाता, छात्र–कल्याण को प्रत्येक दशा में उपलब्ध कराने का कष्ट करें ताकि सम्बन्धित सूचना शासन को ससमय प्रेषित की जा सके।

भवदीय

(डॉ0 आशुतोष पाण्डेय)
अधिष्ठाता, छात्र–कल्याण

पृष्ठांकन संख्या व दिनांक उपरोक्तानुसार।
प्रतिलिपिः–निम्नलिखित को सादर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. वैयक्तिक सहायक कुलपति, मा0 कुलपति महोदय को सादर अवलोकनार्थ।
2. कुलसचिव, विश्वविद्यालय।
3. सिस्टम एनालिस्ट को विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु।

(डॉ0 आशुतोष पाण्डेय)
अधिष्ठाता, छात्र–कल्याण